केन्द्रीय विद्यालय नं0 2,
के0रि0पु0बल (समूह केन्द्र– II),
फायसागररोड.,
अजमेर, राजस्थान

KENDRIYA VIDYALAYA No.2,
CRPF (GROUP CENTER -II),
FOYSAGAR ROAD
AJMER, RAJASTHAN

पिनकोड़ नं0 Pin Code No.305005 फोन नं0 Phone No.0145-2600675
E-mail- kv2ajmer@rediffmail.com वेबसाईट Website-www.kv2ajmer.org

सं0 क्र0 Ref No. 6-4 /केवि2/अजमेर/2021-22/ /KV2/AJM/2021-22/ (हिं0) 1034 से 1036   दिनांक Date:- 07 /02 / 2022

– :: नीलामी सूचना ::–

सभी को यह सूचित किया जाता है कि के.वि.क2,जी–सी–2, अजमेर में विभिन्न विभागों के अनुपयोगी सामान/वस्तुऐं जैसेः– टूटे हुए फर्नीचर,कला विभाग,खेलकूद–विभाग, कार्यानुभव विभाग,पुस्तकालय विभाग से संबंधित अनुपयोगी घोषित की गयी है और इन्हें जहाँ और जैसी है स्थिति में सार्वजनिक नीलामी बिक्री के माध्यम से बेचा जाना है। नीलामी प्रक्रिया दिनांक 15.02.2022 को विद्यालय में दोपहर 11.30 बजे आयोजित की जाएगी ।

जो व्यक्ति/फर्म, नीलामी में भाग लेने के इच्छुक है वे विद्यालय में नीलामी स्थल पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो सकते है । नीलामी के लिए रखी गई वस्तुओं का निरीक्षण करने हेतु आप विद्यालय परिसर में नीलामी वाले दिन दिनांक 15.02.2022 को प्रातः 9.00 बजे से 11.00 बजे के बीच उपस्थित हो सकते है ।

सफल बोलीदाताओं को कार्यालय में बोली राशि तुरन्त जमा करनी होगी और विद्यालय परिसर से टूटे हुए फर्नीचर एवं अन्य निस्तारित सामान को तुरंत अपनी लागत पर उठाना होगा । केन्द्रीय विद्यालय संगठन के किसी भी कर्मचारी या उनके परिवार के सदस्य को इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी ।

नीलामी के लिए नियम और शर्ते :–

1.बोली लगाने वाले को बोली में भाग लेने से पहले राशि रू. 500/– की धरोहर राशि जमा करनी होगी जो नीलामी में बाद असफल बोली दाताओं को वापस कर दी जाएगी । साथ ही अपनी व्यक्तिगत पहचान/फर्म का पहचान पत्र लाना होगा ।
2.समिति द्वारा स्वीकार्य उच्चतम बोली की राशि को मौके पर ही जमा करना होगा, जिसमें धरोहर/सुरक्षा राशि समायोजित कर दी जायेगी। नीलामी की गई सामग्री सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान करने के तुरंत बाद उठानी होगी । स्वीकृति के समय बोली की शतप्रतिशत राशि जमा करने में विफलता के मामले में उच्चतम बोली लगाने वाले द्वारा जमा की गई धरोहर राशि को जब्त कर लिया जाएगा और वस्तुओं को दूसरी उच्चतम बोली लगाने वाले केता को बेच दिया जाएगा ।
3.अन्य नियम और शर्ते यदि कोई है, समिति द्वारा नीलामी प्रारम्भ होने से पहले घोषित कर दी जाएगी ।
4.समिति बिना किसी भी कारण को बताए,किसी भी बोली को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है ।

रोमा सांखला
(रोमा सांखला)
प्रभारी प्राचार्य

प्रभारी प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय क्रं. 2
के.रि.पु.ब., समूह केंद्र द्वितीय
फॉय सागर रोड़
अजमेर

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान् अध्यक्ष जी,विद्यालय प्रबंधन समिति,के.वि.क.2,अजमेर – आपको सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।
2. श्रीमान् प्राचार्य, सभी के.वि. जयपुर संभाग – आपको सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।
3. श्रीमान् उपायुक्त, केविसं,क्षे.का. जयपुर – आपको सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।
4. के.वि.क.2 अजमेर की वेबसाईट व सूचना पट्ट हेतु ।

रोमा सांखला
(रोमा सांखला)
प्रभारी प्राचार्य

प्रभारी प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय क्रं. 2
के.रि.पु.ब., समूह केंद्र द्वितीय
फॉय सागर रोड़
अजमेर